उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या- 86 /2017/870/92-2-2017-02आरई(जांच)/2008

लखनऊ :: दिनांक:: 05 जून, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद-प्रतापगढ. के अन्तर्गत सांसद निधि, पूर्वान्चल विकास निधि एंव सुनिश्चित रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कराये गये 09 कार्यों की जांच टी0ए0सी0 ग्राम्य विकास विभाग, इलाहाबाद मण्डल इलाहाबाद द्वारा करायी गयी। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा उक्त निर्माण कार्य वर्ष 1997-98 से 1999-2000 के मध्य सम्पादित कराया गया। निर्माण कार्यो की टी0ए0सी0 जांच में उक्त कार्यो की गुणवत्ता सही पायी गयी तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात बची धनराशि राजकीय कोष में श्री दिनेश कुमार तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, प्रखण्ड-प्रतापगढ. द्वारा दिनांक 03-11-2004 को रू0 3,54,980.00 जमा की गयी। श्री दिनेश कुमार, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-प्रतापगढ. के पद पर दिनांक 25-01-2004 से 06-07-2007 तक कार्यरत रहे। श्री दिनेश कुमार द्वारा उक्त धनराशि 10 माह पश्चात दिनांक 03.11.2004 को शासकीय चेक द्वारा डी0आर0डी0ए0 प्रतापगढ. को वापस की गयी। उक्त धनराशि समय से डी0आर0डी0ए0 को वापस न किये जाने हेतु श्री दिनेश कुमार, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-प्रतापगढ को भविष्य में सतर्क रहने एवं इसकी पुनरावृत्ति न किये जाने हेतु उन्हें सचेत करते हुये उनके विरूद्ध प्रचलित प्रकरण समाप्त किये जाने की श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूद्दीन

अपर मुख्य सचिव।

संख्या-86/ 2017/870(1)/92-2-2017 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

2- श्री दिनेश कुमार तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-प्रतापगढ. द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बाबूराम)

संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in